# Rajasthan Technical University, Kota
## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in


No. F-(23)/EXAM-CONDUCT/2020/ 2948-56 Dated: 4/9/20

## परिपत्र

शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर के पत्र क्रमांक एफ 3(2) त.शि. /2019 दिनांक 03 सितम्बर, 2020 के माध्यम से माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निर्णयानुसार यूजीसी दिशानिर्देश व दी गयी समयसीमा अनुसार प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में विश्वविद्यालय की अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर परीक्षाएं 2019–20 को ऑफ–लाईन पद्धति (offline mode) से आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया है।

अतः राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसरण में B.Tech VIII, BHMCT VIII, MBA IV, M.Arch. IV एवं BBA VI सेमेस्टर (Main/Back/Re-Back/Old Back) परीक्षाएं 2019–20 के समस्त परीक्षार्थियों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि ये परीक्षाएं ऑफ–लाईन मोड (offline mode) पर पेपर पैन पद्धति के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ही आयोजित की जावेगी। ऑफलाईन परीक्षा का आयोजन माह सितम्बर के तृतीय सप्ताह से होना निर्धारित किया गया है।

इस सम्बन्ध में परीक्षा केन्द्र परिवर्तन के विकल्प, परीक्षा आयोजन के विस्तृत कार्यक्रम, परीक्षा केन्द्रों आदि की सूचना पृथक से जारी की जावेगी। अतः सम्बन्धित परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की साईट www.rtu.ac.in के सत्त सम्पर्क में रहें।

अतः समस्त परीक्षार्थी एवं सम्बद्ध महाविद्यालय इस सम्बन्ध में आवश्यक/वांछित कार्यवाही/व्यवस्था सम्पादित करें ताकि उक्त परीक्षाएं सुचारू रूप से सम्पादित करवायी जा सके।

उक्त सूचना से समस्त छात्रों को सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा सूचित किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा।

यह आदेश कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त जारी किये गये है।

(प्रो.धीरेन्द्र माथुर)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है –

1. शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर
2. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय
3. डीन, अकादमिक अफेयर्स
4. डीन, फेकल्टी अफेयर्स
5. कुलसचिव
6. प्राचार्य/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
7. उप कुलसचिव (परीक्षा)
8. समस्त सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
9. वेब मास्टरः– उक्त परिपत्र को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
10. डाटा प्रोसेसिंग एजेन्सीः– आवश्यक कार्यवाही समयसीमा में करना सुनिश्चित करावें।
11. रक्षित पत्रावली

(सत्यपाल यादव)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)